Trikal drashti 04 Oct 21_NAVLOK SAMACHAR_22 Feb 2021.qxd 10/22/2021 11:54 AM Page 1

आर.एन.आई. नं.- MPHIN/2015/66655

साप्ताहिक समाचार पत्र

# त्रिकाल दृष्टि

सच का दर्पण

वर्ष-6 अंक-37 , भोपाल, सोमवार, 04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2021 पृष्ठ- 8 मूल्य : 3.00 रूपये www.trikaldrishti.com

# क्रूज ड्रग्स पार्टी में भोपाल के 5 युवक युवती भी थे शामिल

## तीन लोगों को लिया हिरासत में

बीते दिन शनिवार को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने मुंबई से गोवा जा रहे क्रूज पर छापेमारी की। इस छापेमारी में बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान और दिल्ली की तीन लड़कियों समेत 8 लोगों को हिरासत में लिया गया था। अब खबर आई है कि, क्रूज में हुई हाई प्रोफाइल ड्रग्स पार्टी में भोपाल के पांच युवक युवती भी शामिल थे।





भोपाल के पांच युवक युवती भी थे शामिलः बता दें कि, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की शनिवार को मुंबई से गोवा जा रहे क्रूज पर की गई बड़ी कार्रवाई में इस बात का खुलासा हुआ है कि, इस ड्रग पार्टी में भोपाल से पांच युवक युवतियां भी शामिल थे, जो अब हिरासत में है। इनमें से दो कपल और एक युवक है।

**एनसीबी ने की पुष्टिः** हिरासत में लिए गए भोपाल के वरदान निगम, सिद्धांत, विशाल कोली समेत दो युवती भी पार्टी में शामिल थे, हालांकि अभी तक इनके ड्रग लेने की पुष्टि नही हुई है। एनसीबी ने पुष्टि की है कि, इस क्रूज पर भोपाल के भी युवक युवतियां शामिल थे। हालांकि पूछताछ के बाद कुछ को रिहा कर दिया गया, लेकिन तीन युवक युवती अभी भी एनसीबी की हिरासत में हैं। तीनों के फोन जब्त कर लिए गए हैं।

**आर्यन खान हुए गिरफ्तारः** इस मामले में बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। मुंबई की कोर्ट ने शाहरुख खान के बेटे आर्यन समेत तीन लोगों को एक दिन की एनसीबी रिमांड पर भेजा है। क्रूज शिप पर ड्रग्स पार्टी मामले में एनसीबी ने अब तक कुल 8 लोगों को गिरफ्तार किया।

वहीं गिरफ्तार किए गए आठ लोगों में दो महिलाएं भी शामिल हैं, जिनसे पूछताछ की गई है। इन आठ लोगों में मुनमुन धमेचा, नुपुर सारिका, इसमीत सिंह, मोहक जैसवाल, विक्रांत छोकर, गोमित चोपड़ा, आर्यन खान और अरबाज मर्चेंट शामिल हैं।

### बुजुर्ग कहने पर भड़के नाथ

# शिवराज मैं आप को चुनौती देता हूं, आइए कर लेते हैं रेस

भोपाल।

एमपी की राजधानी भोपाल में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए लेकिन इस मौके पर मध्य प्रदेश में सियासी तीर चले। बता दें कि महात्मा गांधी की जयंती पर ढउउ मुख्यालय भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने शिवराज सिंह चौहान को रेस लगाने की चुनौती दे दी।

## कमलनाथ ने शिवराज को दिया चैलेंज- आ जाइए रेस कर लेते हैं



पीसीसी चीफ कमलनाथ ने कहा- मेरे स्वास्थ्य को लेकर तमाम तरह की चचाएं चली, शिवराज सिंह जी कह रहे थे कि कमलनाथ जी बीमार हैं, बुजुर्ग हो गए। बुजुर्ग कहने पर कमलनाथ ने भड़कते हुए कहा- शिवराज जी मैं आप को चुनौती देता हूं आ जाइये रेस कर लेते हैं। शनिवार को कमलनाथ ने सीएम शिवराज सिंह चौहान पर जमकर निशाना साधा और सरकार की कमियां गिनाई।

**पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा-:** कमलनाथ ने कहा कि- मैं अपना पोस्ट कोविड चेकअप कराने जरूर गया था क्योंकि मुझे निमोनिया हुआ था, वह तो किसी को भी हो सकता है। मैंने अपना पूरा चेकअप कराया, सब ठीक निकला। कोविड दो प्रकार के होते हैं, एक छोटा एक लंबा। मैं लंबे कोविड से परेशान था। इसलिये चेकअप कराने गया था, सब ठीक निकला। कमलनाथ बोले- मैं दिल्ली में था क्योंकि दिल्ली में भी मेरे पास कई जवाबदारियाँ हैं। इसका मतलब यह नहीं कि मैं दिल्ली में कोई मेरा स्वास्थ्य खराब था, आराम कर रहा था। वहीं, उपचुनावों में प्रत्याशी चयन को लेकर कमलनाथ ने कहा- हमें जीतने वाला उम्मीदवार चाहिए, हमने सर्वे कराएं हैं, शीघ्र ही हम हमारे प्रत्याशी घोषित करेंगे। आगे प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए नाथ ने कहा कि आज हर क्षेत्र में मध्य प्रदेश नंबर वन है। आदिवासियों पर अत्याचार में मध्यप्रदेश नंबर वन, किसानों की आत्महत्या में मध्य प्रदेश नंबर वन है। कमलनाथ बोले- हम आज नारा लगाते हैं जय जवान-जय किसान! लेकिन आज हमारा किसान कहां खड़ा है, यह हमें देखना होगा, आज हमें प्रदेश को कैसे बचाना है, यह देखना होगा, हमें देश की संस्कृति को कैसे बचाना है।

**पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ बोले-:** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि आज प्रदेश की क्या हालत है आज कोई भी वर्ग सुरक्षित नहीं है, चाहे छोटा व्यापारी हो या अन्य वर्ग। आज भाजपा कौनसी दुनिया में चल रही है ,समझ नहीं आता, उनको आमजन की यह पीड़ा दिखाई क्यों नही दे रही है। वह तो बस अपना भविष्य सुरक्षित रखने में लगी हुई है।

**शिवराज झूठ बोलने से बाज नहीं आ रहे : कमलनाथः** कमलनाथ ने कहा- हमारी सरकार में हम 100 रुपये में 100 यूनिट बिजली देते थे। वहीं, आज हजारों रुपए के बिल आ रहे हैं और शिवराज सिंह आज भी बाज नहीं आ रहे हैं, झूठ बोलने से, झूठी घोषणाएं करने से।

## गांधी जी के सपनों को साकार कर रहे पीएम मोदी : विष्णुदत्त शर्मा



**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांधी जी के सपनों को साकार कर रहे हैं। चाहे स्वच्छता हो, खादी को प्रोत्साहन हो या फिर स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा, सभी के लिए नरेंद्र मोदी निरंतर प्रयास कर रहे हैं। यह बात भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को मीडिया से चर्चा के दौरान कही।

श्री शर्मा ने कहा कि देश की जनता यह बात भली-भांति जानती है कि कौन गांधीजी के नाम पर राजनीति कर रहा है और कौन उनके विचारों को जमीन पर उतार रहा है। आज गांधी जयंती पर मध्यप्रदेश भाजपा के कार्यकर्ता विभिन्न जल स्त्रोतों की सफाई के कार्यक्रम चला रहे हैं तथा खादी, हथकरघा एवं अन्य स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए खरीदारी भी करेंगे। श्री शर्मा ने कहा कि आज गांधी जी की जयंती पर मैं किसी की आलोचना नहीं करना चाहता, लेकिन ऐसे कई लोग हैं जो जीवन भर गांधीजी के नाम पर राजनीति करते रहे हैं। मैं प्रधानमंत्री को बधाई देता हूं कि उनके कार्यों से गांधी जी के सपने साकार हो रहे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने कमलनाथ के शिवराज सिंह से रेस लगाने के बयान पर कहा कि कांग्रेस के अंदर जबर्दस्त रेस चल रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकारें हैं, वहां कांग्रेस में रेस और रेलमपेल मची हुई है। नटवरसिंह, कपिल सिब्बल और मनीष तिवारी जैसे कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता इन दिनों गांधी परिवार के साथ रेस लगा रहे हैं। कमलनाथ पहले देख लें कि कांग्रेस में चल रही उस रेस में कौन जीत रहा है और कौन हार रहा है। फिर मध्यप्रदेश की रेस के बारे में चिंता करें, भाजपा से रेस के बारे में सोचें। कमलनाथ की अस्वस्थ होने की सूचना पर श्री शर्मा ने कहा कि हम लोग तो वसुधैव कुटुंबकम में विश्वास रखने वाले हैं। इसलिए मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि वो स्वस्थ रहें और दीघार्यु प्राप्त प्राप्त करें।

**अपने काम और योजनाओं के आधार पर मैदान में है भाजपा :** श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की 15 महीने वाली सरकार के सत्ता में आते ही सभी जनहितैषी योजनाएं कमलनाथ ने बंद कर दी थी। लेकिन मध्यप्रदेश की जनता ने ही कमलनाथ को उस रेस से बाहर कर दिया, वो रेस में बचे नहीं है। श्री शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी तो स्वस्थ रेस पर विश्वास करती है और अपने काम, संगठन तंत्र, सात्विक विचारों के आधार पर, गरीब कल्याण की योजनाओं के आधार पर मैदान में डटी हुई है। भाजपा जनता जनार्दन की सेवा में दिन रात लगी हुई है।

# फिर भवानीपुर ने ममता बनर्जी का दिया साथ, इस बार पहले से भी ज्यादा वोट और मिली रिकॉर्ड जीत



**नई दिल्ली:** पश्चिम बंगाल में नंदीग्राम से विधानसभा चुनाव हारने के बाद ममता बनर्जी थोड़ा मुश्किल में थीं और उनकी सबसे बड़ी उम्मीद भवानीपुर से थी. एक बार फिर ममता बनर्जी संकट के दौर में भवानीपुर पहुंची और पिछले दस साल में दूसरी बार ऐसा मौका था जब भवानीपुर की सीट ने ममता को राजनीकि संकट से उबारा है. इतना ही नहीं उन्होंने 2011 के अपने रिकॉर्ड को तोड़ते हुए इस बार ज्यादा वोट भी हासिल किए. पश्चिम बंगाल उप चुनाव में भवानीपुर विधानसभा सीट के लिए गुरुवार को मतदान हुआ था. वोटो की गिनती आज रविवार सुबह हुई. चुनाव आयोग के आंकड़ों ने बताया कि ममता बनर्जी ने उपचुनाव में अपने प्रतिद्वंदी को 58,835 वोटो के बड़े अंतर से मात दी. ममता ने इस सीट से 85,263 वोट हासिल किए.

## वोट भी अधिक और रिकॉर्ड जीत भी

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भवानीपुर से सिर्फ जीत ही नहीं दर्ज की बल्कि इस जीत में उन्होंने कई रिकॉर्ड भी बनाए. टीएमसी ने 2011 के बाद से भवानीपुर में हुए सभी विधानसभा चुनावों में जीत हासिल की है, जिस साल परिसीमन के बाद निर्वाचन क्षेत्र का गठन किया गया था, उस समय टीएमसी के सुब्रत बख्शी ने 2011 का चुनाव 87,903 मतों से जीता था. इसके बाद 2021 के विधानसभा चुनाव में शोभंडेब चट्टोपाध्याय ने 73,505 वोटों से यह सीट जीती थी. लेकिन सबसे अहम बात यह है कि सुब्रत बख्शी के लिए जीत का अंतर लगभग 50,000 वोट था, जबकि शोभंडेब चट्टोपाध्याय के लिए यह सिर्फ 28,719 वोट था. ममता बनर्जी की जीत का अंतर इससे कहीं ज्यादा रहा.

ममता बनर्जी ने तीन बार भवानीपुर से चुनाव लड़ा है 2011 उपचुनाव, 2016 विधानसभा चुनाव और 2021 उपचुनाव. इस बार ममता ने करीब 59,000 वोटों के रिकॉर्ड अंतर से यह सीट जीती. उन्होंने 2011 में 54,000 से अधिक मतों के अंतर से सीट जीती थी, जबकि 2016 में उनकी जीत का अंतर 25,301 था.

## भवानीपुर में मिले 72 प्रतिशत वोट

2011 में, बंगाल के सीएम को 73,635 वोट मिले थे, जो कि डाले गए वोटों का 78 प्रतिशत था. 2016 के विधानसभा चुनावों में, उन्होंने 65,520 वोट हासिल किए झ यह कुल वोटों का केवल 48 प्रतिशत है. इस बार उन्हें 72 प्रतिशत के साथ 85,263 वोट मिले. चुनाव आयोग के आंकड़ों से पता चलता है कि 2011 में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल ने 184 सीटें जीती थीं. टीएमसी के लिए यह जीत इतनी बड़ी थी कि इस जीत ने वाम मोर्चे के 34 साल के शासन को चकनाचूर कर दिया. जैसे ही उनकी पार्टी ने 2011 में बहुमत हासिल किया, ममता राज्य की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं.

# नमामि गंगा 2.0 लॉन्च करने का जा रही है मोदी सरकार



नई दिल्ली।

**केंद्र सरकार गंगा एवं सहायक नदियों की स्वच्छता एवं निर्मलता के अभियान को और गति प्रदान करने के लिये नमामि गंगे 2.0 परियोजना शुरू करेगी. सूत्रों ने यह जानकारी दी है. सूत्रों ने राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत नमामि गंगे 2.0 परियोजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है और जल्द ही इसकी शुरूआत के लिए प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद है.**

नमामि गंगे 2.0 परियोजना संबंधी प्रस्ताव पर आधिकार सम्पन्न वित्त समिति (ईएफसी) की बैठक में विचार किया गया है. अभी यह प्रस्ताव वित्त विभाग के समक्ष है. उन्होंने बताया कि अगले महीने तक इस परियोजना के प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिलने की उम्मीद है.

सूत्रों ने बताया, नमामि गंगे परियोजना को आगे पांच साल के लिये बढ़ाया जायेगा. इसमें पूरी हुई परियोजनाओं के रख-रखाव पर खास ध्यान दिया जायेगा. गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 13 मई 2015 को एक व्यापक कार्यक्रम के तहत गंगा नदी और इसकी सहायक नदियों के संरक्षण के लिये नमामि गंगे परियोजना को मंजूरी दी थी. इस परियोजना को पांच वर्ष में पूरा करने के लिये कुल 20,000 करोड़ रुपए आवंटित किये गये थे.

## अगस्त 2021 तक नमामि गंगे के लिये 30,255 करोड़ रुपए आवंटित

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त 2021 तक नमामि गंगे परियोजना के लिये 30,255 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं और 11,842 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं. अगस्त माह तक 167 परियोजनाओं पर काम पूरा हो गया है, 145 परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है तथा 28 परियोजनाओं पर निविदा की प्रक्रिया चल रही है.

सूत्रों ने बताया कि नमामि गंगे परियोजना के दूसरे चरण के तहत जल मल संयंत्रों (एसटीपी) सहित समस्त परियोजनाओं के रख-रखाव पर जोर दिया जायेगा. इसमें उत्तर प्रदेश में आगरा, मेरठ, सहारनपुर जैसे शहरों तथा बिहार में बक्सर, मुंगेर, बेगुसराय सहित अन्य क्षेत्रों में परियोजनाओं पर काम पूरा किया जायेगा. इसके साथ ही शहरी स्थानीय निकायों से जुड़े कार्यक्रमों एवं योजनाओं तथा यमुना, काली एवं अन्य सहायक नदियों की स्वच्छता संबंधी परियोजनाओं पर भी कार्य होगा.

नमामि गंगे एकीकृत गंगा संरक्षण मिशन संबंधी व्यापक प्रस्ताव का आशय भारत सरकार की गंगा पुनरुद्धार से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं को मिलाकर योजना के आकार, कार्यक्रमों एवं क्षेत्रों को बढ़ाना है.

# तेज प्रताप का तेजस्वी पर प्रहार, कहा- पिता लालू यादव को दिल्ली में बंधक बनाकर रखा



**पटना.** बिहार की राजनीति के कृष्ण और अर्जुन के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है. राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के अध्यक्ष लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने अपने छोटे भाई तेजस्वी यादव के खिलाफ बिगुल फूंक दिया है. तेज प्रताप ने इशारों-इशारों में तेजस्वी पर निशाना साधते हुए कहा कि आरजेडी में कुछ लोग राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने का सपना देख रहे हैं. यहां तक कि मेरे पिताजी को दिल्ली में रखे हुए हैं, उनको जेल से रिहा हुए महीनों बीत गये हैं लेकिन उनको पटना आने नहीं दे रहे हैं.

# आज मप्र स्वर्णकार समाज एवं लायंस क्लब द्वारा 178, मरीजों ने मेडिकैंप में जांचे कराई

**भोपाल।** आज मध्य प्रदेश स्वर्णकार समाज कल्याण समिति एवं लायंस क्लब भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में विशाल निशुल्क मेडिकल कैंप में 178,मरीजों ने अनुभवी डॉक्टर से सम्पूर्ण जांच मंदिर शबके बिहारी, मारवाड़ी रोड,भोपाल पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्रोच्चार के साथ विद्वान पंडित द्वारा प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश वर्मा सोनी ने बताया कि इस मेडिकल



कैंप में डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, आंखों की जांच दांतों की जांच और अन्य अवश्यक जांचें भी की गई। समय समाप्त होने के कारण बाकी मरीजों को नहीं देख सके, सबसे ज्यादा भीड़ आंख डाक्टर के पास रही के मरीजो का उपचार उपरांत दवाइयां भी निशुल्क वितरित की गई, साथ ही निर्धन मरीजों को निशुल्क चस्मे वितरित किए गए।इस विशाल मेडिकल कैंप में प्रदेश के 15 अनुभवी डॉक्टरों की टीम डॉ आर के शिवहरे, एवम डा राहुल भारतीय के नेतृत्व में उपस्थित मरीजों की जांच की गई। विशेष अतिथि के रूप में हाउसिंग बोर्ड के डिप्टी कमिश्नर आर के सोनी उपस्थिति थे, कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओ पी सोनी, अशोक वर्मा, दीपक सोनी, राजेश सोनी, लक्ष्मण मंधनी के एल भारतीय, संजय गुप्ता, हेमन्त सोनी मुकेश सोनी, के भारती हर्ष दीपक सोनी आदि उपस्तित थे। राम श्याम 4:00 बजे के उपरांत भी मरीज आते रहे किंतु समय समाप्त होने के कारण उन मरीजों को नहीं देख सके।

Trikal drashti 04 Oct 21_NAVLOK SAMACHAR_22 Feb 2021.qxd 10/22/2021 11:54 AM Page 3



# स्मार्ट सिटी की पुलिस टीम भी हो रही स्मार्ट



**इंदौर।** आम जनता के लिए ये राहत की बात है कि स्मार्ट सिटी की पुलिस हाईटेक होने के साथ पुलिस का मुखबिर तंत्र भी बेहद मजबूत हो गया है। ड्राय डे के पहले पुलिस ने छापा मारकर एक ढाबे पर अवैध रुप से बिक रही शराब के गोरखधंधे का भंडा फोड़ किया। कनाडिया इलाके में तो ड्राय डे पर बेचने के लिए लाई गई 81 हजार रुपए की शराब पकड़ा। चोरी की वारदातों के चंद घंटों में ही पुलिस आरोपियों को सलाखों के पीछे करने में कामयाब हो रही है। जबरन कालोनी और सराफा में चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने चौबीस घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे कर दिया। चैकिंग के दौरान पुलिस ने एक बेट्री चोर को गिरफ्तार कर 2.40 लाख की बेट्रियां जब्त कीं। फोटो शूट के बहाने के किराए पर कैमरे लेकर गायब हुए आरोपियों को पुलिस ने दस लाख के कैमरों के साथ गिरफ्तार कर लिया। चंदननगर पुलिस ने एक छोटे से क्लू से 14 साल से गायब युवक को पुणे से लाकर परिजनों के हवाले किया।

**केस-1 : तस्करों से 81 हजार की शराब जब्त** शहर में अवैध शराब की तस्करी करने वाले तत्वो के विरुद्ध पुलिस का अभियान जारी है। कनाडिया पुलिस ने बीती रात बड़ी मात्रा में अवैध देसी मसाला, देसी प्लेन शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम को बीती रात मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि बिचोली मदार्ना में राहुल मंडलोई द्वारा अपने निवास स्थान पर कार से अवैध देसी शराब बुलाई है, शीघ्र पुलिस दल द्वारा दविश देने पर आरोपी शराब सहित रंगे हाथ पकडे जा सकते हैं। पुलिस दल द्वारा तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए रात्री में ही शराब तस्कर राहुल मंडलोई के निवास स्थान ओम साई विहार कालोनी फेस 2 बिचोली मदार्ना पर दविश दी गई तो अपने मकान के सामने ही राहुल पिता बिक्रम मंडलोई, अपने साथी राजेश उर्फ राज मंसोरे पिता मोतीलाल मंसोरे के साथ उनके कब्जे में 16 पेटी देसी मसाला एंव देसी प्लेन मदिरा कुल 144 लीटर अवैध शराब जब्त की। बरामद शराब की कुल कीमत करीब 81,000 रुपए है । आरोपी राहुल मंडलोई आदतन अपराधी है जिस पर पूर्व से चोरी, बलात्कार, शराब तस्करी जैसे गंभीर अपराध दर्ज हैं।

**केस-2 : ढाबे पर परोस रहे थे शराब:** एंटी माफिया अभियान के तहत अवैधानिक गतिविधियों में लिप्त बदमाशों के विरुद्ध इंदौर पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिले में अवैध रूप से शराब व अन्य नशाखोरी करने वाले व कराने वाले लोगों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जा रही है। बडगोंदा पुलिस ने होटल, ढाबों पर आकस्मिक चेकिंग की। गणेश ढाबा कैलाश फाटा गवली पलासिया पर पुलिस टीम द्वारा दबिश दी गई तो मौके पर लोग शराब पीते पाए गए और होटल पर अवैध रूप से शराब परोसी जा रही थी। लाइसेंस आदि के बारे में पूछने पर ढाबे से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। पुलिस ने अवैध रूप से शराब का सेवन कराने पर होटल पर काम करने वाले धीरज पाटीदार निवासी प्रिंस कॉलोनी गवली पलासिया को मौके से पकड़ा तथा होटल संचालक रूपेश पिता राकेश पाटीदार, गवली पलासिया के विरुद्ध केस दर्ज किया।

# चुनाव में रोकना है मतदाताओं को दिए जाने वाले प्रलोभन और अवैध खर्च



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती वीरा राणा की अध्यक्षता में 28-खंडवा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र और 45 पृथ्वीपुर जिला निवाड़ी, 62- रैगांव जिला सतना तथा 192 जोबट जिला अलीराजपुर के विधानसभा उप-निर्वाचन 2021 के निर्वाचन व्यय निगरानी के नोडल अधिकारियों की बैठक हुई।

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कौल ने बताया कि निर्वाचन व्यय निगरानी का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन में अवैध व्यय को रोकना, दल और अभ्यार्थियों द्वारा किए जा रहे व्यय की निगरानी, पेड न्यूज पर प्रभावी कार्यवाही करना है। निर्वाचन व्यय में निर्धारित सीमा के अंतर्गत व्यय जैसे जन-सभाओं, पोस्टर, बैनर, वाहनों, प्रिंट एवं विज्ञापनों आदि में हुए व्यय सम्मिलित है। साथ ही निर्वाचकों को प्रभावित करने के उद्देश्य से उनको दिए जाने वाले रुपए, शराब आदि के प्रलोभन को रोकना है। निर्वाचन व्यय के लिए अनुवीक्षण तंत्र के अंतर्गत केंद्रीय व्यय प्रेक्षक, सहायक व्यय प्रेक्षक, निर्वाचन व्यय निगरानी के नोडल अधिकारी, वीडियों निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, लेखा टीम, उड?दस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल और कंट्रोल रूप सम्मिलित हैं।

बैठक में पुलिस, आबकारी, आयकर, नारकोटिक्स विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अपनी टीम गठित कर छापे की कार्यवाही शुरू करें। एयरपोर्ट अथारिटी को विमानों, चार्टर्ड प्लेन, हेलीकॉप्टर की आवाजाही की सूचना जिला निर्वाचन अधिकारी एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को देने के निर्देश दिए गए। नारकोटिक्स विभाग को अवैध ड्रग्स की रोकथाम, आयकर विभाग को संदेहास्पद लेन-देन वाले खाते की जांच, एयर इंटेलिजेंस यूनिट की स्थापना, बैंकों को चेकबुक की व्यवस्था, दूरसंचार विभाग को एसएमएस दरों का निर्धारण, शैडो एरिया में वैकल्पिक संचार व्यवस्था और आकाशवाणी-दूरदर्शन को नैतिक मतदान के लिए विभिन्न कार्यक्रमों एवं जिंगल्स का निःशुल्क प्रसारण के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद शुक्ला एवं पुलिस, नारकोटिक्स, सीआईएसएफ, दूरदर्शन के अधिकारी उपस्थित थे।

# इम्पोर्टेड सिगरेट की बिक्री धड़ल्ले से जारीकोटपा नियमो का हो रहा है खुले आम उलंघन



**भोपाल ।** सिगरेट पीना किसी का शौक किसी का स्टेट्स सिम्बल तो किसी की लत होती है, शहर के किसी भी कोने में आपको सिगरेट के कश खींचते लोग नजर आ जाएंगे। राजधानी में बिकने वाले कई नामी कंपनियों के ब्रांड के साथ ही इम्पोर्टेड सिगरेट पीने वालों की खासी तादाद है। जबकि महंगे दामों पर भी धडल्ले से बिकने वाली इन विदेशी सिगरेटों पर आवश्यक चेतावनी दर्ज नहीं होती, जो कि तम्बाकू अधिनियम के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। साथ ही तम्बाकू अधिनियम के कई मानकों पर भी ये सिगरेटें खरी नहीं उतरतीं, क्योंकि कई ब्रांड के पैकेट पर न तो इम्पोर्ट कंपनी की डिटेल प्रिंट होती है और न ही अन्य जरूरी जानकारी। सूत्रों की मानें तो पुराने शहर के मुख्य बाजार सहित अन्य कई जगहों के व्यापारी विदेशी सिगरेट के व्यापार में जमकर चांदी काट रहे हैं। ऐसा नहीं कि इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं हुई हो, बीते समय मे भोपाल पुलिस द्वारा विदेशी सिगरेट का अवैध विक्रय करने वाले कई लोगों पर कार्यवाही की गयी। लेकिन विदेशी सिगरेटों की बाजार में सहज उपलब्धता इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भोपाल में विदेशी सिगरेट के अवैध कारोबारी फिर सक्रिय हो उठे हैं। बाजार में कई विदेशी ब्रांड की सिगरेट बिक रही है जो स्पष्ट रूप से तम्बाकू अधिनियम की धज्जियाँ उड़ा रहे हैं, अब देखना होगा कि प्रशासन कैसे लगाम कस पायेगा। इन प्रतिबंधित सिगरेट की वजह से सरकार के राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है इसके बाद भी ना पुलिस प्रशाशन और ना ही खाद विभाग इस और ध्यान दे रहा है

## विश्वस्तरीय नए हबीबगंज स्टेशन के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं मोदी

**भोपाल।** भोपाल में भारत का पहला वर्ल्ड क्लास हबीबगंज रेलवे स्टेशन बनकर तैयार हो चुका है। बता दें कि, हबीबगंज निजी भागीदारी से तैयार किया गया देश का पहला विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन है। अब इसके उद्घाटन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मिली जानकारी के मुताबिक पीएम नरेंद्र मोदी विश्वस्तरीय नए हबीबगंज स्टेशन के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। बताते चलें कि कल ही मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की, सीएम शिवराज सिंह चौहान ने पीएम मोदी से विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा हुई वहीं सीएम शिवराज सिंह चौहान ने पीएम मोदी को हबीबगंज रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करने का न्यौता दिया।

विश्वस्तरीय नए हबीबगंज स्टेशन के उद्घाटन कार्यक्रम के लिए भोपाल रेल मंडल ने रेल मंत्रालय से पत्राचार किया है, दो माह के अंदर हबीबगंज स्टेशन के उद्घाटन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हो सकते हैं।

**100 करोड़ रुपये से अधिक लागत से हुआ निर्माण:** भोपाल के हबीबगंज रेलवे स्टेशन का 100 करोड़ रुपये से अधिक लागत से निर्माण हुआ है, 100 करोड़ की लागत वाला विश्वस्तरीय हबीबगंज स्टेशन तैयार हो गया है, यह देश का पहला स्टेशन है जिसे निजी भागीदारी से पुनः विकसित किया है। बता दें कि, री-डेवलपमेंट के बाद इस स्टेशन पर ऐसी सुविधाएं मिलेंगी जो मौजूदा समय में भारत के किसी भी रेलवे स्टेशन पर नहीं है।

# जिले में पशुओं को निराश्रित छोड़ने वाले पशुपालकों के विरुद्ध कार्रवाई सतत जारी

**होशंगाबाद।** जिले में पशुओं को निराश्रित छोड़ने वाले पशुपालकों के खिलाफ नोटिस और जुर्माने की कार्रवाई सतत जारी है।परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण श्रीमती मोहिनी शर्मा ने बताया कि गठित संयुक्त दल द्वारा शुक्रवार को जिले के सात नगरीय निकायों में कार्यवाही की गयी। कार्यवाही में 7 नगरीय निकायों में 64 प्रकरणों में 64 पशुपालकों पर 29 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया, जिसमे से 10500 रुपये की जुर्माना राशि वसूल भी की गयी, साथ ही 197 अनटैग पशुओं का चिन्हांकन भी किया गया है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार से संयुक्त दल द्वारा शहर की व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए नियमित रूप से कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि शहरी क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों एवं मुख्य मार्गो पर स्वछंद विचरण करने वाले पशुओं के कारण जहां यातायात प्रभावित होता है वहीं दुर्घटनाओं की संभावना भी बनी रहती है। इस प्रकार की अव्यवस्थाओं की प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिले की सभी निकायों में अभियान चलाकर नगर पालिका एवं पशु चिकित्सा विभाग के 81 कर्मचारियों का संयुक्त टीम द्वारा पशुओं की टैगिंग और पशुओं को निराश्रित छोड़ने वाले पशुपालकों पर अर्थदंड की कार्रवाई की जा रही है । जिले में अभी तक 114 पशुपालकों पर 54000 हजार से से अधिक का जुर्माना लगाया गया है ।

Trikal drashti 04 Oct 21_NAVLOK SAMACHAR_22 Feb 2021.qxd 10/22/2021 11:54 AM Page 4



## संपादकीय

# सतर्कता की दरकार

महामारी को लेकर हाल–फिलहाल आए आंकड़े थोड़ी राहत वाले कहे जा सकते हैं। पहला तो यही कि देश में रोजाना संक्रमण के मामले घट कर अब तीस हजार से भी नीचे आ गए हैं। पिछले कुछ दिनों से यह रुख बरकरार दिख रहा है। इलाज करवा रहे मरीजों की संख्या भी घटती हुई तीन लाख के करीब आ गई है जो पिछले एक सौ छियासी दिनों में सबसे कम है। इन आंकड़ों से एक मोटा निष्कर्ष यह निकाला जा सकता है कि महामारी खत्म भले नहीं हुई हो, पर जोर कम पड़ने लगा है। हालांकि केरल और महाराष्ट्र सहित कुछ राज्यों में स्थिति अभी भी अच्छी नहीं कही जा सकती। केरल में रोजाना संक्रमण के मामले बीस हजार के आसपास चल रहे हैं। इलाज करा रहे मरीजों का आंकड़ा एक लाख इकसठ हजार से ऊपर बना हुआ है। चिंता की बात इसलिए भी है कि केरल में हालात अभी उतने काबू में नहीं हैं। फिर केरल कोई बहुत बड़ा राज्य भी नहीं है। इसलिए संक्रमण, सक्रिय मामलों और प्रति सप्ताह संक्रमण दर सबसे ज्यादा होना स्थिति की गंभीरता को बता रहा है। महाराष्ट्र की बात करें तो औसतन तीन हजार मामले रोज मिल रहे हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में मिजोरम में प्रति सप्ताह संक्रमण दर पंद्रह फीसद से ज्यादा बनी हुई है। देश भर में देखें तो सरकारी आंकड़ों के मुताबिक कई राज्य अब कोरोना के खतरे से लगभग निकल चुके हैं। गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड आदि उत्तरी राज्यों में संक्रमण के मामलों में कमी बता रही है कि स्थिति कमोबेश सामान्य हो चली है। गौरतलब है कि सितंबर के मध्य में देश में संक्रमण फैलने की दर यानी आर वैल्यू में भी गिरावट आई है। दूसरी लहर के दौरान यह आंकड़ा 1.37 अंक पर बना हुआ था, यानी सौ संक्रमित 137 लोगों को संक्रमित कर रहे थे। पर मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बंगलुरु जैसे महानगरों को छोड़ दें तो बाकी जगहों पर अब यह एक से नीचे आ चुका है। यहां तक कि केरल और महाराष्ट्र में भी यह अब एक अंक से कम है। इन दोनों राज्यों में संक्रमण की फैलाव दर में कमी आना कुछ राहत की बात इसलिए भी है कि पिछले दिनों देश के कुल मामलों में अस्सी फीसद मामले यहीं से आ रहे थे। खतरा अभी टला नहीं है। सितंबर–अक्तूबर के दौरान तीसरी लहर की आशंका काफी समय से जताई जाती रही है। कहने को टीकाकरण अभियान भी जोरों पर है, लेकिन फिर भी सतर्क रहने की जरूरत है क्योंकि रोजाना पच्चीस–तीस हजार संक्रमितों का आंकड़ा भी छोटा नहीं होता। खासतौर से आने वाले दिनों में त्योहारों का मौसम रहेगा। जाहिर है भीड़ बढ़ेगी और इसके साथ ही संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ेगा। जैसे केरल में दोबारा से हालात बिगड़ने के पीछे बड़ा कारण ओणम और ईद पर बाजारों में अचानक से भीड़ उमड़ना बताया गया था।
खतरा ज्यादा इसलिए भी है कि लोगों ने मास्क, सुरक्षित दूरी, बार–बार हाथ धोने जैसे बचाव उपायों को तो त्याग ही दिया है। यही सब संक्रमण को न्योता देता है। यह सही है कि महामारी से संबंधित आंकड़ों में गिरावट आ रही है, पर यह भी नहीं भूलना चाहिए कि जरा–सी लापरवाही अचानक से इन आंकड़ों के बढ़ने का कारण भी बन सकती है। और ऐसा हम दूसरी भयावह लहर के पहले भुगत भी चुके हैं।

## गुरु तत्व का सम्मान

जब भी तुमने बदले में किसी आशा के बिना किसी के किए कुछ भी किया हो, किसी को कोई सलाह दी हो, लोगों का मार्गदशर्न किया हो, उन्हें प्रेम दिया हो और उनकी देख–भाल की हो, तब तुमने गुरु की भूमिका निभाई है। गुरु तत्व सम्मान करने की और विश्वास करने की चीज है। तुम्हारे आस पास कितने लोग हैं जो सब के मूड, भावनाओं और दोषारोपण के बीच अटके हुए हैं। लेकिन अगर तुम्हारे पास गुरु हैं तो तुम्हें इन सब बातों से कोई फर्क नहीं पड़ेगा और अगर पड़ेगा भी तो वह कुछ मिनटों से ज्यादा टिकने वाला नहीं। जब व्यक्ति गुरु तत्व के इस सिद्धांत के साथ चलता है, तब सभी सीमाएं गिर जाती हैं और वह आस पास के सभी व्यक्तियों और सारे ब्रह्मांड के साथ एक होने का अनुभव करने लगता है। जब यह ज्ञान प्रकट होता है, दु:ख गायब हो जाता है और आत्म–ग्लानि के लिए कोई स्थान नहीं रहता। अगर तुम्हारे भीतर आत्म–ग्लानि है, तो इसका अर्थ है अभी तक तुम गुरु तक आए नहीं हो। गुरु तक आने का अर्थ है श्रद्धा होना कि गुरु हमेशा हमारे साथ है। इसका अर्थ है हमें जो भी चाहिए वो होगा और हमें रास्ता दिखाया जाएगा। जीवन में शांति सुनिश्चित करने का सबसे अच्छा रास्ता साधना, सत्संग, आत्म–चिंतन और भक्ति द्वारा गुरु के निकट रहना है। इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि तुममें आध्यात्मिकता मजबूत हो। हालांकि जब तुम शारीरिक रूप से गुरु के निकट नहीं हो पाते, तब भी मन और आत्मा से तुम गुरु के निकट हो सकते हो। जब व्याकुलता बहुत ज्यादा बढ़ जाए, तब समर्पण में आसन पाओ। गुरु या ईश्वर को समर्पण कर दो। गुरु को उनके शारीरिक रूप और व्यक्तित्व से परे देखो। ईश्वर, आत्मा और गुरु में कोई अंतर नहीं है। गुरु तुम्हारे असली स्वभाव का ही प्रतिबिम्ब है और तुम्हें आत्मा में वापस अग्रसर करने के लिए मार्गदशर्क है। अपनी लगन, श्रद्धा और वचनबद्धता से तुम स्पष्ट रूप से देख सकते हो कि चाहे कैसी भी परिस्थिति हो, जिस पल तुम गुरु को गुरु मान लेते हो, उनके सभी गुण प्राप्त करना संभव हो जाता है। एक बार जब गुरु उपाय बन जाते हैं, तुम जीवन में कभी पराजित नहीं होते। गुरु के लिए भक्ति काफी है। गुरु यहां तुम्हारे लिए हैं और तुम्हारे अच्छे और बुरे समय के दौरान तुम्हारे साथ हैं। तुम अकेले नहीं हो तो गुरु को ढूंढ़ निकालो और स्वाभाविक रूप से जियो और प्रेम और आनंद में खुशी मनाओ।

# कहो तो कह दूँ - बड़े पुण्य प्रताप के बाद ऐसा आज्ञाकारी बेटा मिलता है इस कलियुग में

हमने पुराणों में पढ़ा है कि सतयुग में, त्रेतायुग में बड़े ही आज्ञाकारी पुत्र हुए हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम राम की आज्ञा कारिता पर तो रामचरित मानस और रामायण जैसे ग्रन्थ लिखे गए हैं जो अपने पिता की आज्ञा मानकर चौदह वर्ष के वनवास पर चले गए थे। परशुराम ने अपने पिता की आज्ञा से अपनी माता का सर काट दिया था, विघ्नहर्ता गणेश ने माता की आज्ञा को मानकर अपने पिता भोलेनाथ से ही युद्ध शुरू कर दिया था भीष्म ने अपने पिता का विवाह सत्यवती से करवाने के लिए आजीवन विवाह न करने कि प्रतिज्ञा ले ली थी, श्रवण कुमार की कहानी तो घर घर में सुनाई जाती है, लेकिन इस कलियुग में भी ऐसे आज्ञाकारी बेटे पैदा हो सकते है अपन तो नहीं मानते थे लेकिन जबसे बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान के बेटे आर्यन की कहानी सामने आई है, लगा कि नहीं आज भी आज्ञाकारी बच्चों का जन्म इस दुनिया में हो रहा है। अब देखो न जब ये भाईसाहब पैदा हुए थे तब सिम्मी गरेवाल ने अपने एक कार्यक्रम में बादशाह खान से पूछा कि आप अपने बेटे का लालन पोषण कैसे करोगे तो खान साहेब ने कहा मैं चाहता हूँ मेरा बेटा आर्यन वो सारे गलत काम करे जो मैं अपनी जवानी में नहीं कर पाया। वो लड़कियों के पीछे जा सकता है, ड्रग्स ले सकता है, सेक्स कर सकता है, बेहतर होगा कि वो ये सब काम जल्दी शुरू कर दे में ये भी चाहूंगा कि मेरे साथ काम करने वाले जिनकी बेटियां है उसकी शिकायत करें और जैसे ही आर्यन बड़ा हुआ उसने अपने पापा का वो इंटरव्यू देखा और ये बात गांठ में बाँध ली कि मैं अपने पापा की एक एक बात मानूंगा जो भी उन्होंने कहा है , मैं वो सब करके दिखाऊंगा ताकि लोग बाग कह सकें कि कलियुग में भी ऐसा आज्ञाकारी बेटा पैदा हो सकता है। उसने अपने पिता का इंटरव्यू बार बार देखा उसके एक एक शब्द को आत्मसात कर लिया और जैसे ही मौका मिला उसने एक एक करके अपने पापा की तमाम आज्ञाओं का पालन शुरू कर दिया। कई लड़कियों के साथ उसके वीडिओ वायरल होने लगे, उसे पिता के एक एक शब्द याद थे कि मैं चाहता हूँ कि वो ये सब जल्दी शुरू कर दे और आर्यन ने यही किया अभी मूंछ भी नहीं ठीक ढंग



से उगी नहीं थी की भाईसाहब ने रेवपार्टी में जाना शुरू कर दिया, ड्रग्स लेना शुरू कर दिया, पिता की एक एक आज्ञा उसके कानो में हमेशा गूंजती रहती थी लेकिन बुरा हो नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का पापा की आज्ञा के पालन के लिए मुम्बई से गोवा जाने वाले एक क्रूज में रेव पार्टी में शामिल होने के लिए उसने टिकिट बुक करवाई और जैस ही पापा की जय कहते कहते एक ड्रग का एक सुट्टा लगाया नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अफसरों ने जो यात्री बन कर उस क्रूज में आये थे ने बालक को धर लिया। वो अफसरों के सामने चिल्लाता रहा कि उसने कोई अपराध नहीं किया है वो तो अपने पापा की आज्ञा का पालन करने की कोशिश कर रहा था लेकिन अफसर सुनाने तैयार नहीं था धर लिया , तलाशी में अफसरों ने ड्रग्स भी ढूंढ निकाले और बेचारे आर्यन को गिरफ्ताकर लिया' अपनी तो आर्यन को सलाह है कि बिलकुल रंज मत करना क्योंकि तुमने जो कुछ भी किया है वो अपने पापा की आज्ञा का पालन करने के लिए किया है तुम्हारा और तुम्हारे पापा का नाम तो कलियुग के इतिहास में अमर हो गया है ।

### कुछ दिन तो रुक जाओ रिश्वतखोरो

जब मालूम है कि अपने मामाजी यानि शिवराज सिंह इन दिनों अपने पूरे फॉर्म में है रोजाना अफसरों की वाट लगा रहे है मोदी जी के जन्म दिन पर उन्होंने भी संकल्प ले लिया है कि न खाऊंगा न खाने दूँगा उसके बाद भी सरकारी अफसर और कर्मचारी रिश्वत लेने से बाज नहीं आ रहे हैं। लोकायुक्त पुलिस जो निठल्ली बैठी रहती थी मामाजी के इस संकल्प के बाद अचानक ही एक्टिव हो गई और लगी रिश्वत खोरों को पकड़ने में, किसी के पास दस करोड़ की सम्पत्ति का पता चल रहा है, तो किसी के पास तीस करोड़ का, एम्स का डिप्टी डायरेक्टर एक लाख की रिश्वत लेते पकड़ा जा रहा है तो कंही जिला आपूर्ति अधिकारी के हाथ लाल हो रहे हैं ,कोई पटवारी तो कोई मानचित्रकार यानि इस समय ऐसी पकड़ा धकड़ी का दौर चल रा है उसके बाद भी लोग बाग मान नहीं रहे हैं रिश्वत खोरी का खून जो लग गया है उनके मुंह में, बिना रिश्वत के उनकी कलम का ढक्कन तक नही खुलता इधर पैसा रखो और दस्तखत ले जाओ। उधर पथरिया की विधायक राम बाई ने साफ कर दिया कि आटे में नमक जैसी रिश्वत खाने की तुम लोगों को छूट है वैसी भी प्रदेश में अंधेर नगरी चौपट आज चल रहो है इसलिए हजार पांच सौ की रिश्वत चल जाएगी लेकिन गरीबों के कपडे ही उतरवा लो ये नहीं चलेगा रामबाई ने बात तो पते की कही है लेकिन उनकी बात सुन कौन रहा है वे आटे में नमक की बात कर रही है इधर बोरी भर नमक में चुटकी भर आटा डाला जा रहा है। अपना रिश्वत खोरों से एक आग्रह है कि कुछ दिन रुक जाओ, अभी मामला गरम गरम है, मामाजी भी ताव खाये बैठे हैं जैसे ही समय बीतेगा सब कुछ वैसा ही हो जाएगा ये कुछ दिन की बात है' रिश्वत खोरों को कोई रोक पाया है क्या , बड़े बड़े आये और चले गए लेकिंन रिश्वत वंही की वंही खड़ी है चटान की तरह अडिग उसे कोई नहीं हिला पाया हैं और न कोई हिला पायेगा ।

### सुपर हिट ऑफ द वीक

श्रीमान जी ने श्रीमती जी से कहा जब महिलाओं का जन्म हुआ होगा तो सारा आकाश झूमा होगा, पूरे देवलोक में खुशी की लहर आ गयी होगी, देवताओं ने मिठाई बांटी होगी, फूल बरसाए होंगे हैं सच्ची श्रीमती ने खुश होकर पूछा
हाँ और बोले होंगे हमारी जान छूटी अब धरती वाले भुगतेंगे श्रीमान जी का जवाब था।

# उगते सूरज को सभी करते नमन!

कोई आता है नहीं उजड़े चमन, उगते सूरज को सभी करते नमन। इस तरह की स्थिति राजनीति में सदैव उभरती रही है। राजनीति में जिस राजनीतिक दल की स्थिति कमजोर नजर आती है उधर टूट - फूट होना स्वाभाविक है। जिधर की स्थिति मजबूत होती है उधर राजनेताओं के आने का क्रम लगातार बना रहता है। जहां स्थिति मध्य में होती है वहां खरीद फरोक्त की संभावना प्रबल नजर आती हे। भारतीय राजनीति में इस तरह के बदलते हालात आसानी से देखे जा सकते है। इस तरह की अवसरवादी राजनीति में किसी पर भी विश्वास नहीं किया जा सकता। कौन कब किधर चला जाय, कहना मुश्किल है। इसी कारण सत्ता भी बदलती रहती है।
वर्तमान समय में भारतीय राजनीति में भाजपा का सितारा बुलंदी पर जबकि कभी यह स्थिति कांग्रेस की हुआ करती थी। स्वतंत्रता बाद वर्षो तक सत्ता पर शासन करने वाली कांग्रेस आज दिन पर दिन कमजोर होती जा रही है जिससे इस राजनीतिक पार्टी से कोई न कोई बहाना ढूंढ़कर बाहर निकलते एवं भाजपा की ओर जाते नेताओं को हर स्तर पर देखा जा सकता है। जहां तक गांधी परिवार के नेतृत्व का सवाल है वह आज से नहीं जब से कांगेस का भारतीय राजनीति में दबदबा रहा, सितारा बुलंद रहा गांधी परिवार का नेतृत्व एकमात्र बना रहा। इतिहास साक्षी है , जब भी कांग्रेस इस परिवार से अलग रही , बिखरती नजर आई। जिस सोनिया गांधी पर विदेशी होने की मोहर अन्य राजनीतिक दलों द्वारा लगाई जाती रही, उसी के नेतृत्व में कांग्रेस लगातर दो दशक सत्ता में बनी रही। पर आज जबसे भारतीय राजनीति में केन्द्र से कांग्रेस सत्ताविहीन हो गई तब से राज्यों की राजनीति पर भी इसका प्रतिकुल प्रभाव पड़ना शुरू हो गया। विधान सभा चुनावों में जहां कांग्रेस भाजपा को सत्ता से बेदखल कर सत्ता में आई वहां की राजनीति पर केन्द्र की सत्ता का प्रभाव पड़ना शुरू हो गया जिसके चलते कांग्रेस में वर्षो अपना वर्चस्व बनाये नेता सत्ताधारी भाजपा का हाथ पकड़ लिये, कुछ राज्यों की राजनीति डगमगा गई। इस तरह के परिवेश का शिकार तत्कालीन मध्यप्रदेश की आम जनता द्वारा चुनी कांग्रेस सरकार हुई जहां फिर से आमजनता द्वारा नकारी गई भाजपा सत्ता में आ गई। इस तरह का प्रयोग राजस्थान में भी देखने को मिल सकता है जहां आम जनता द्वारा बहुमत कांग्रेस सरकार पर बार - बार संकट के बादल मड़राते देखे जा सकते। इस तरह के हालात से फिलहाल छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान की कांग्रेस सरकार बची हुई है पर कब शिकार हो जाय कह पाना मुश्किल है। यहां भी बगावती तेवर दिख रहे है। इन बगावती में कौन सी बूंद कांग्रेस से छिटक कर भाजपा मे जा मिले कुछ कहा नहीं जा सकता। कांग्रेस में इस तरह का फिलहाल कोई मजबूत नेतृत्व कहीं नजर नहीं आ रहा है जो छिटकती इन बूंदों को रोक सके। पंजाब में फिलहाल हुये सत्ता परिवर्तन की डोर कांग्रेस में बगावती तेवर को पैदा कर सकती है जिसका आगामी विधान सभा चुनाव पर फर्क पड़ सकता है। अवसरवादी राजनीति में जब इसकी गोद में पले, बढ़े हुये ही इसका आज पाला छोड़ रहे है तो आने वाले समय में कांग्रेस मजबूत हो सके ऐसा कहीं से नजर नहीं आ रहा है।
महात्मा गांधी ने जिस कांग्रेस की नींव डाली एवं स्वतंत्रता उपरान्त जिसके हाथ बागडोर सौंपी वह कांग्रेस परिवारवाद में सिमटकर इस तरह कमजोर हो जायेगी, बापू ने भी कभी सपनों में नहीं सोचा होगा। इसी कांग्रेस में गांधी परिवार से अलग हटकर कुशल नेतृत्व संभाले लालबहादुर शास्त्री ने भी कभी नहीं सोचा होगा कि एक दिन कांग्रेस की ये दशा होगी। कांग्रेस के दोनों महान नेताओं की जन्मतिथि संयोगवश एक हीं 2 अक्टूबर है। इस तिथि पर यह विचारणीय मुद्दा अवश्य है कि कांग्रेस की इस दशा के लिये कौन जिम्मेवार है। आज की आवसरवादी राजनीति जहां उगते सूरज को नमन करने की परम्परा है या वर्तमान नेत्त्व जो अपने से अलग हो रहे को रोक नहीं पा रहा है।

Trikal drashti 04 Oct 21_NAVLOK SAMACHAR_22 Feb 2021.qxd 10/22/2021 11:54 AM Page 5



## ताहिरा कश्यप खुराना ने शेयर की थ्रोबैक तस्वीर, खुशवंत सिंह के साथ आईं नजर



नई दिल्ली। लेखक और फिल्म निमार्ता ताहिरा कश्यप खुराना ने अपने स्कूल के दिनों की तस्वीरें साझा कीं, जिसमें प्रतिष्ठित हस्तियों की प्रतियोगिताओं में पुरस्कार जीते, जिसमें खुशवंत सिंह भी शामिल हैं। वर्तमान में सबसे रिलेटेबल और स्पष्टवादी कहानीकारों में से एक के रूप में उभरती हुई, ताहिरा कश्यप खुराना अपनी किताबों के साथ-साथ फिल्मों से भी प्रभावित कर रही हैं। अपने उदासीन अनुभव का एक अंश पेश करते हुए, ताहिरा ने अपने सोशल मीडिया पर थ्रोबैक तस्वीरें साझा करते हुए कहा, वे मुझे सिर्फ पुरस्कार नहीं दे रहे थे, वे मुझे सपने दे रहे थे। छोटी उम्र से कहानी कहने की ओर झुकाव रखने वाली, ताहिरा कश्यप खुराना ने अपनी अनोखी, स्पष्टवादी, ईमानदार और मजाकिया लेखन शैली में अपना नाम स्थापित किया है।

'12 कमांडमेंट्स ऑफ बीइंग ए वुमन' जैसी किताबों से लेकर 'पिन्नी' और 'क्वारंटीन क्रश' जैसी शॉर्ट फिल्मों तक, ताहिरा अपने प्रभावशाली काम से दिल जीत रही हैं। वर्तमान में अपनी पांचवीं पुस्तक 'द 7 सिन्स ऑफ बीइंग ए मदर' के विमोचन और अपनी पहली फीचर फिल्म 'शमार्जी की बेटी' की शूटिंग के लिए तैयार ताहिरा अपने आगामी काम के लिए दर्शकों के बीच उत्साह पैदा कर रही हैं।

## भारत के सबसे बड़े सुपरस्टार प्रभास की 25वीं फिल्म जल्द होगी रिलीज




नई दिल्ली। मायथोलॉजीस से लेकर एक्शन एंटरटेनर तक, रोम-कॉम से लेकर साइंस फिक्शन तक, भारतीय सुपरस्टार प्रभास हर गुजरते साल के साथ कुछ नया करने से पीछे नहीं हट रहे हैं और इतिहास फिर से खुद को दोहराने के लिए तैयार है। उम्मीद की जा रही है कि सुपरस्टार अपनी 25वीं फिल्म की घोषणा कर सकते हैं, जो उनके ग्लोबल फैन बेस के लिए बहुत खुशी की बात होगी। सूत्रों की माने तो, प्रभास 25 निश्चित रूप से अद्भुत होगी और सुपरस्टार जल्द ही एक विशेष घोषणा करेंगे। जबकि फिल्म से जुड़ी जानकारी को गोपनीय रखा गया है, अभी हम जो जानते हैं वह यह है कि मूवी की कहानी उनकी अन्य पिछली फिल्मों से पूरी तरह से अलग होने वाली है। ग्रेपवाइन का मानना है कि फिल्म में प्रभास को पहले कभी नहीं देखी गई भूमिका में दिखाया जाएगा, जहां वह पहली बार एक ब्लॉकबस्टर निर्देशक के साथ जुड़ेंगे, जिसे एक कल्ट का दर्जा प्राप्त है। भारतीय फिल्म उद्योग में सुपरस्टार की स्थिति तक पहुंचने पर, सितारे आमतौर पर एक विशेष भूमिका में टाइपकास्ट हो जाते हैं, खासकर उस तरह की जिसकी प्रशंसकों को उम्मीद होती है लेकिन हम आश्वस्त हैं कि यह कुछ अलग होगा। भारतीय सुपरस्टार एक नया घरेलू नाम बन गए है और अब वे उनकी 25वीं फिल्म में एक अलग लेवल पर एलेक्ट्रिफाइंग परफॉर्मेंस देखेंगे। दुनिया भर में प्रभास के प्रशंसक 7 अक्टूबर 2021 को उनकी 25वीं फिल्म की घोषणा सुनकर बेहद खुश होंगे जिसका अब सभी को बेसब्री से इंतजार है।

## हॉट लुक से अलाया एफ में मालदीव के समंदर में लगाई आग, ऑरेंज बिकिनी में लगीं एकदम कहर



मुंबई। मशहूर एक्ट्रेस पूजा बेदी की बेटी और एक्ट्रेस अलाया एफ इन दिनो मालदीव में हैं, जहां वे खूबसूरत पलों को एंजॉय कर रही हैं। साथ ही फैंस को भी पल पल की अपडेट दे रही हैं। हाल ही अलाया ने अपनी कुछ लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें फैंस बार-बार देख रहे हैं।

# शाहरुख के सपोर्ट में आए हंसल मेहता, बोले-'बच्चे को मुसीबत में देखना मां-बाप के लिए सबसे दुखदायक'





मुंबई: नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने 2 अक्टूबर को मुंबई में एक क्रूज पर छापेमारी की थी। आरोप है कि क्रूज पर ड्रग्स पार्टी चल रही थी। इस छापेमारी के बाद 8 लोगों को हिरासत में लिया गया था। इनमें शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान का नाम भी शामिल है। रविवार को लंबी पूछताछ के बाद आर्यन खान को गिरफ्तार कर लिया गया। आर्यन खान के साथ अरबाज मर्चेंट और मुनमुन धमेचा गिरफ्तार किया गया। आर्यन एक दिन के लिए (4 अक्टूबर तक) एनसीबी की कस्टडी में हैं। वहीं आज उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। आर्यन की गिरफ्तारी के बाद बॉलीवुड इंडस्ट्री में गुटबाजी शुरू हो गई।

हर कोई शाहरुख के बेटे आर्यन के सपोर्ट में उतर गया। सुनील शेट्टी, पूजा भट्ट, सुचित्रा कृष्णमूर्ति ने खुलकर आर्यन खान का बचाव किया। वहीं अब इस लिस्ट में डायरेक्टर हंसल मेहता का नाम भी शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि कानून को अपना काम करने देने से पहले किसी निष्कर्ष पर पहुंचने वाले लोग 'अपमानजनक और अनुचित' हैं। हंसल मेहता ने ट्वीट कर लिखा-'एक माता-पिता के लिए बच्चे को मुसीबत में देखना दुखदायक है। यह दुख तब और बढ़ जाता है जब लोग कानून को अपना काम करने से पहले निर्णय निकालने लगते हैं। यह माता-पिता और पेरेंट्स-बच्चे के रिश्ते के लिए अपमानजनक और अनुचित है। आपके साथ शाहरुख।'

**कोर्ट के लिए निकलीं गौरी खान:** आर्यन खान की जमानत अर्जी पर आज सुनवाई होगी। उनके वकील सतीश मानशिंदे कोर्ट में पैरवी करेंगे। वहीं शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान कोर्ट के लिए निकल चुकी हैं। उन्हें मेडिकल चेकअप के लिए ले जाया गया जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। माना जा रहा एनसीबी उनकी कस्टडी की मांग कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो आर्यन की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। वहीं कुछ रिपोर्ट्स में ये कहा गया है कि एनसीबी आर्यन की कस्टडी नहीं मांगेगी, जिसके बाद उनका वकील जमानत याचिका डाल सकते हैं। इतना ही नहीं ये भी कहा गया है कि आर्यन को आज शाम जमानत मिल सकती हैं। खैर अब इस केस में क्या नया मोड़ आएगा ये तो जल्द ही पता चल जाएगा।

# पेरिस फैशन वीक में रैम्प पर कैथरीन ने किया कैट वॉक

मुंबई.

हॉलीवुड एक्ट्रेस कैथरीन लैंगफोर्ड अपने लुक्स को लेकर चर्चा में रहती है। पेरिस में फैशन वीक का आयोजन किया गया है। ये फैशन वीक 28 सितंबर से 6 अक्तूबर तक चलेगा। इस शो में एक्ट्रेस कैथरीन लैंगफोर्ड भी शामिल हुई, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

तस्वीरों को कैथरीन ब्लैक शॉर्ट ड्रेस में नजर आ रही है। इसके साथ एक्ट्रेस ने ब्लैक शूज पहने हुए हैं। लाइट मेकअप और ओपन हेयर्स से एक्ट्रेस ने अपने लुक के कम्प्लीट किया हुआ है।

इस लुक में एक्ट्रेस बेहद हॉट लग रही है। एक्ट्रेस रैम्प पर कैट वॉक करती हुई दिखाई दे रही है। एक्ट्रेस का कॉन्फिडेंस देखने लायक है। कैट वॉक करते हुए एक्ट्रेस बेहद खुश लग रही है।

कैथरीन की इन तस्वीरों पर फैंस दिल हार बैठे हैं। फैंस इन तस्वीरों पर खूब प्यार लुटा रहे हैं।

काम का बात करें तो कैथरीन को आखिरी बार फिल्म में देखा गया था। इस फिल्म में एक्ट्रेस के काम को खूब पसंद किया गया था।

Trikal drashti 04 Oct 21_NAVLOK SAMACHAR_22 Feb 2021.qxd 10/22/2021 11:54 AM Page 6



# नवरात्रि में अखंड ज्योति प्रज्वलित करने का है खास महत्व, जानें इसके नियम

**नवरात्रि के दिनों में मां दुर्गा का आशीर्वाद पाने के लिए अखंड ज्याति प्रज्वलित करने का अपना एक खास महत्व है. नवरात्रि शुरू होने के पहले दिन ही कलश स्थापित होने के बाद इसे जलाई जाती है और अपने मन में देवी के प्रति समर्पण और भक्ति को दशार्या जाता है.**



यह तन और मन में अंधकार को दूर करने का प्रतीक होता है. अखंड ज्योति को नवरात्रि में प्रज्वलित करने के अपने नियम होते हैं. यह पूरे नौ दिन बिना बुझे जलाए जाने का प्रावधान है. यह माना जाता है कि अगर यह पूरे 9 दिन प्रज्वलित रही तो पुण्य मिलता है और घर में सुख शांति और सम्पन्नता आती है. मां का आशीर्वाद पूरे परिवार को मिलता है. लेकिन अगर यह बुझ गया तो इसे अपशगुण माना जाता है.

## क्या है मान्यता

मान्यता है कि अगर भक्त संकल्प लेकर नवरात्रि में अखंड ज्योति प्रज्वलित करे और उसे पूरी भावना और मन से जलाए रखे तो देवी प्रसन्न होती हैं और उसकी सभी मनोकामना पूर्ण करती हैं. इस दीपक के सामने जप करने से हजार गुणा फल मिलता है.

## अखंड ज्योति जलाने के नियम

- अखंड ज्योति को आप जमीन की बजाय किसी लकड़ी की चौकी पर लाल कपड़े बिछाकर रखकर जलाएं.
- इस बात का ध्यान रखें कि ज्योति को रखने से पहले इसके नीचे अष्टदल बना हो.
- अखंड ज्योति को गंदे हाथों से बिल्कुल भी छूना नहीं चाहिए.
- अखंड ज्योति को कभी अकेले या पीठ दिखाकर नहीं जाना चाहिए.
- अखंड ज्योति जलाने के लिए शुद्ध देसी घी का इस्तेमाल करना चाहिए. आप तिल का तेल या सरसों का तेल भी प्रयोग में ला सकते हैं.
- अगर आप घर में अखंड ज्योति की देखभाल नहीं कर सकते हैं तो आप किसी मंदिर में देसी घी अखंड ज्योति के लिए दान करें.
- अखंड ज्योति के लिए रूई की जगह कलावे का इस्तेमाल करना चाहिए. कलावे की लंबाई इतनी हो कि ज्योति नौ दिनों तक बिना बुझे जलती रहे.
- अखंड ज्योति जलाते समय मां दुर्गा, शिव और गणेश को ध्यान में रखें और ॐ जयंती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तुते। जप करें.
- अखंड ज्योति को देवी मां के दाईं ओर रखा जाना चाहिए, अगर दीपक में सरसों का तेल है तो देवी के बाईं ओर रखें.

## बिगड़ते कामों को बनाने के लिए शनिवार के दिन करें ये उपाय, बरसेगी शनिदेव की कृपा

शनिवार का दिन न्याय के देवता कहे जाने वाले शनिदेव को समर्पित है. शनिवार के दिन भगवान शनिदेव की पूजा की जाती है. इस दिन शनिदेव की कृपा के लिए पूजा, व्रत और दान करने से बिगड़े काम बनते हैं. यदि शनिवार के दिन भगवान शनिदेव की पूजा पूरे मन और नियमानुसार की जाए तो शनिदेव की असीम कृपा मिलती है और ग्रहों की दशा भी सुधरती है. वहीं अगर शनिदेव क्रोधित हो जाते हैं तो व्यक्ति संकटों से घिर जाता है. इसके अलावा कई लोगों के साथ ऐसा होता है कि शनिवार के दिन अक्सर काम नहीं बनते. ऐसे में कुछ विशेष उपाय और पूजन विधि से शनिदेव को प्रसन्न करने का प्रयास किया जाना चाहिए, ताकि अच्छे फल की प्राप्ति हो. -सबसे पहले ब्रह्म मुहूर्त में उठें और नहा धोकर साफ कपड़े पहनकर तब पीपल के वृक्ष पर जल अर्पण करें.

# शमी के पौधे को क्यों माना जाता है शुभ, पढ़ें इसे घर में लगाने के फायदे और नियम

कुछ पौधों का हिन्दू धर्म में काफी महत्त्व है और इनमें से एक है शमी का पौधा. इस पौधे को काफी शुभ माना जाता है. ऐसा इसलिए है क्योंकि शास्त्रों में शमी के पौधे का संबंध शनिदेव से बताया जाता है. साथ ही भगवान शिव को भी ये पौधा काफी प्रिय है. कहा जाता है कि जब भी आप भगवान शिव को जल अर्पित करें तो इस जल में शमी का फूल या इसकी पत्ती डाल दें. इससे भगवान भोलेनाथ बहुत खुश होते हैं.

आज हम आपको शमी के पौधे को घर में लगाने के फायदों के बारे में बताएंगे. साथ ही इस बारे में भी जानकारी देंगे कि शमी का पौधा घर में लगाते समय किन बातों को ध्यान में रखने की जरूरत होती है. आइये जानते हैं इनके बारे में.

शमी का पौधा लगाने के ये हो सकते हैं फायदे

कहा जाता है कि शमी का पौधा घर में लगाने से घर में बरकत आती है और पैसे की कमी दूर होती है.



- शमी का पौधा लगाने से घर में सुख-समृद्धि आती है और दुख दूर होते हैं.
- इस पौधे को घर में लगाने से वास्तु दोष दूर होता है, साथ ही घर की सारी बाधाएं भी दूर होती हैं.
- शमी के पौधे को लगाने से विवाह में आ रही बाधाएं भी दूर होती हैं.
- इस पौधे को घर में लगाने से साढ़ेसाती का प्रभाव भी कम होता है.
- पौधा लगाते समय इन बातों का रखना होता है ध्यान
- शमी का पौधा शनिवार के दिन घर में लगाना शुभ होता है.
- दशहरे के दिन भी इस पौधे को घर में लगाया जा सकता है.
- शमी के पौधे को घर के अंदर न लगाएं बल्कि गार्डन या छत पर लगाएं.
- आप शमी के पौधे को घर के मुख्य द्वार पर भी लगा सकते हैं.
- पौधे को मुख्य द्वार पर ऐसे लगाएं कि जब आप घर से बाहर जाएं तो ये आपके दाएं हाथ की तरफ पड़े.
- छत पर शमी के पौधे को दक्षिण दिशा में रखें और अगर पौधे को धूप न मिल सके तो इसे पूर्व दिशा में लगा सकते हैं.
- शमी का पौधा हमेशा साफ-सुथरी जगह पर लगाएं, जहां नाली और कूड़ा-कचरा न हो.
- शमी के पौधे की रोजाना पूजा करें, इस पर जल अर्पित करें और इसके पास दीपक जलाएं.

# रसोई घर से जुड़ी इन 5 बातों का रखें ध्यान, जीवन के दुख-क्लेश होंगे दूर

आमतौर पर ये देखने में आया है कि लोग रसोईघर यानी किचन में दवाईयां रख देते हैं, ऐसा भूलवश भी हो सकता है लेकिन ये गलत है. वास्तुशास्त्र के मुतबिक रसोई घर में कभी भी दवाई नहीं रखनी चाहिए. मान्यता है कि ऐसा करने से बीमारी बढ़ने संभावना होती है. हेल्थ खराब होने की वजह इलाज में काफी पैसा खर्च हो जाता है. जिससे घर में आर्थिक संकट पैदा होता है.

कई बार लोग क्या करते हैं, रोटी बनाने के बाद बचा हुआ गुथा आटा फ्रिज में रख देते हैं और बाद उसका यूज करते हैं. वास्तुशास्त्र के मुताबिक ऐसा करना बिलकुल ठीक नहीं हैं. ऐसा करने से आपके घर पर शनि और राहु का नकारात्मक प्रभाव पड़ता है. अन्य धर्मशास्त्रों में भी गुथे हुए आटे को रखना गलता माना गया है.



वास्तुशास्त्र के अनुसार रसोई में कभी भी मंदिर नहीं बनाना चाहिए. क्योंकि रसोई सात्विक और तामसिक दोनों भोजन बनते हैं. तामसिक भोजन में प्याज और लहसुन भी आते हैं और यदि रसोई में मंदिर होने से इसका नकारात्क प्रभाव पड़ता है.

काम करते वक्त अक्सर कई बार कोई बर्तन थोड़ा सा चटक जाते हैं और बावजूद इसके आप उसे इस्तेमाल में ले लेते हैं. लेकिन बता दें कि वास्तुशास्त्र के अनुसार टूटे और चटके बर्तन रखने से घर की आर्थिक स्थिति खराब होती है और घर के मुखिया के ऊपर कर्ज बढ़ता है. साथ ही इससे आपसी मतभेद भी बढ़ते हैं.

वास्तुशास्त्र के अनुसार रसोई घर में जूते-चप्पल पहनकर जानें से नकारात्मक प्रभाव पड़ता है. इससे रसोई में गंदगी और किटाणु पहुंचते हैं. इतना ही नहीं, रसोई में मां अन्नपूर्णा का निवास होता है और जूते-चप्पल पहनकर जाने से उनका अपमान होता है. इस लेख में दी गई जानकारियां और सूचनाएं सामान्य जानकारी पर आधारित हैं.

Trikal drashti 04 Oct 21_NAVLOK SAMACHAR_22 Feb 2021.qxd 10/22/2021 11:54 AM Page 7



## मंगलवार से लेकर आज तक सेंसेक्स 1300 अंक से अधिक टूट चुका

# 59 हजार अंक की ऊंचाई से भी गिर गया शेयर बाजार



**मुंबई।** घरेलू स्तर पर पिछले चार दिनों से लगातार जारी बिकवाली के दबाव में मंगलवार को 60 हजार अंक के रिकॉर्ड स्तर से लुढ़कने के बाद शेयर बाजार आज 59 हजार अंक के शिखर से भी गिर गया। विदेशी बाजारों की गिरावट से निराश निवेशकों की स्थानीय स्तर पर बजाज फिनसर्व, मारुति, एयरटेल, एशियन पेंट, बजाज फाइनेंस और एचडीएफसी समेत 19 कंपनियों में हुई बिकवाली से बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स शुक्रवार को 360.78 अंक लुढ़ककर 59 हजार अंक से नीचे 58,765.58 पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 86.10 अंक उतरकर 17532.05 अंक पर रहा। इस तरह मंगलवार से लेकर आज तक सेंसेक्स 1300 अंक से अधिक टूट चुका है।

दिग्गज कंपनियों की तरह जहां मझौली कपनियें में बिकवाली हुई वहीं छोटी कंपनियों के शेयरों में निवेशकों का भरोसा दिखा। इस दौरान बीएसई का मिडकैप 28.89 अंक फिसलकर 25,224.20 अंक पर रहा जबकि स्मॉलकैप 133.88 अंक की तेजी के साथ 28,215.62 अंक पर पहुंच गया। बीएसई में कुल 3408 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1809 में तेजी और 1420 में मंदी रही जबकि 179 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 24 कंपनियों के शेयर चढ़े जबकि 26 के भाव गिर गए। इस दौरान 11 समूह के शेयर गिरे जबकि आठ में तेजी रही।

रियल्टी ने सबसे अधिक 1.56 प्रतिशत का नुकसान उठाया। इसी तरह दूरसंचार 1.31, टेक 0.77, कैपिटल गुड्स 0.21, बैंकिंग 0.52, ऑटो 0.21, आईटी 0.63, इंडस्ट्रियल्स 0.16, वित्त 0.70, सीडीजीएस 0.08 और एफएमसीजी 0.04 प्रतिशत उतर गए। वहीं, शेष आठ समूहों में 0.85 प्रतिशत तक की बढ़त रही। विदेशी बाजारों में गिरावट का रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.98, जर्मनी का डैक्स 0.79, जापान का निक्केई 2.31 और हांगकांग का हैंगसैंग 0.36 प्रतिशत टूटा जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.90 प्रतिशत की तेजी रही।

कारोबार की शुरूआत में ही सेंसेक्स 236.59 गिरकर 59 हजार अंक से नीचे 58,889.77 अंक पर खुला और दोपहर से पहले लिवाली के बल पर 58,890.08 अंक उच्चतम स्तर पर पहुंचा। इसके बाद हुई बिकवाली के दबाव में यह 58,551.14 अंक के निचले स्तर तक फिसल गया। अंत में पिछले दिवस के 59,126.36 अंक की तुलना में 0.61 प्रतिशत कमजोर होकर 58,765.58 पर रहा। निफ्टी भी 86.25 अंक फिसलकर 17,531.90 पर खुला और कारोबार के दौरान 17,557.15 अंक के उच्चतम और 17,452.90 अंक के न्यूनतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 17,618.15 अंक के मुकाबले 0.49 प्रतिशत टूटकर 17,532.05 अंक पर रहा।

नुकसान उठाने वाली कंपनियों में बजाज फिनसर्व 3.45, मारुति 2.39, एयरटेल 2.22, एशियन पेंट 2.02, बजाज फाइनेंस 1.94, एचडीएफसी 1.54, एनटीपीसी 1.41, आईसीआईसीआई बैंक 1.23 और टीसीएस 1.20 प्रतिशत शामिल रहीं। इनके अलावा अन्य कंपनियां भी 0.82 प्रतिशत तक की गिरावट पर रहीं। वहीं, इस दौरान महज 11 कंपनियों के शेयर चढ़े। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने सबसे अधिक 3.05 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। इनके अलाव शेष अन्य कंपनियों के शेयरों में 1.24 प्रतिशत तक की तेजी रही।

## ओयो ने 8,430 करोड़ रुपए के IPO के लिए सेबी की मंजूरी मांगी




**बिजनेस डेस्क।** आतिथ्य सत्कार क्षेत्र की कंपनी ओयो ने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए 8,430 करोड़ रुपए जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष आवेदन किया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दायर मसौदा रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के मुताबिक आईपीओ में 7,000 करोड़ रुपए तक के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम होगा, जबकि इसमें 1,430 करोड़ रुपए की बिक्री पेशकश शामिल है।

निर्गम से मिली राशि का इस्तेमाल पुनर्भगतान के लिए किया जाएगा, जिसमें ओयो की सहायक कंपनियों द्वारा लिया गया 2,441 करोड़ रुपए का कर्ज शामिल है। इसके अलावा आईपीओ से जुटाई गई राशि कारोबार विस्तार और सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्य के लिए खर्च की जाएगी।

## टॉप क्रिप्टोकरेंसीज में भारी गिरावट, 6% से अधिक गिरी कीमतें

**नई दिल्ली। क्रिप्टोकरेंसीज में भारी उतार-चढ़ाव चल रहा है। दो दिन की बढ़ोतरी के बाद आज क्रिप्टोकरेंसी में सुबह से गिरावट देखी जा रही है। बता दें कि चीन के क्रिप्टोकरेंसी के बैन के बाद इसके मार्केट प्राइस में उथल पुथल जारी है। टॉप 10 में से Ethereum में सबसे ज्यादा गिरावट आई।**



क्रिप्टो एक्सचेंज वजीरएक्स के मुताबिक दुनिया की सबसे बड़ी, सबसे पुरानी और सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी Bitcoin 11.50 बजे 4 फीसदी गिरावट के साथ 42,370 डॉलर यानी 33,34,492 रुपए पर ट्रेड कर रही थी। इसकी कीमत अप्रैल के मध्य में 65,000 डॉलर के पार चली गई थी लेकिन उसके बाद से इसमें गिरावट आई है। इसी तरह इथेरियम 6.46 फीसदी की गिरावट के साथ 2,938 डॉलर पर ट्रेड कर रही थी।

### क्यों आई गिरावट

ग्लोबल क्रिप्टो मार्केट कैप पिछले दिन की तुलना में 3.65 फीसदी गिरकर 1.89 लाख करोड़ डॉलर रह गई। चीन सरकार ने किप्टोकरेंसी एक्सचेंजेज और क्रिप्टो सर्विसेज देने वाली विदेशी कंपनियों को चीन के ग्राहकों से किनारा करने को कहा है। सेंट्रल बैंक चीनी सरकार की 10 शक्तिशाली संस्थाओं ने देश में क्रिप्टो ट्रेडिंग और माइनिंग पर पाबंदी लगा दी है। इसके बाद से विदेशी कंपनियां चीनी निवेशकों के साथ अपने संबंध खत्म करने में जुट गई हैं।

## जियो की शिकायत पर एयरटेल' और वोडाफोन आइडिया पर लगा हजारों करोड़ों का जुमार्ना

**नई दिल्ली।** सरकार ने टेलीकॉम क्षेत्र की प्रावइेट कंपनी वोडाफोन आइडिया और भारती एयरटेल पर हजारों करोड़ रुपए का जुमार्ना लगाया है। रिलायंस जियो की शिकायत पर वोडाफोन आइडिया और एयरटेल पर 2000 करोड़ और 1050 करोड़ का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना अदा करने के लिए कंपनियों को तीन सप्ताह का समय मिला है। हालांकि इनमें से एक कंपनी ने मांग को चुनौती देने की बात की है।

दूरसंचार विभाग ने टेलीकॉम रेगुलेटर ट्राई की पांच साल पुरानी सिफारिश के आधार पर यह जुमार्ना लगाया है। इस क्रम में वोडाफोन आइडिया पर 2,000 करोड़ रुपए और भारती एयरटेल पर 1,050 करोड़ रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। एक सूत्र ने कंपनियों को दिए गए डिमांड नोटिस से जुड़ी सामग्री को साझा करते हुए बताया कि डॉट ने जुमार्ना अदा करने के लिए इन कंपनियों को तीन सप्ताह का समय दिया है।




### आरोप बेबुनियाद

भारती एयरटेल के प्रवक्ता ने कहा, एक नए परिचालक को पॉइंट ऑफ इंटरकनेक्ट के प्रावधानों से संबंधित 2016 की ट्राई की सिफारिशों के आधार पर मनमानी और अनुचित मांग से बहुत निराश हैं। ये आरोप बेबुनियाद हैं।

### मांग को चुनौती देंगे

उन्होने कहा, भारती एयरटेल अनुपालन के उच्च मानकों को बनाए रखने में गर्व महसूस करती है और हमेशा देश के कानून का पालन करती है। हम मांग को चुनौती देंगे और हमारे पास उपलब्ध कानूनी विकल्पों को आगे बढ़ाएंगे। वोडाफोन आइडिया की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं मिली।

### ट्राई ने की थी सिफारिश

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने अक्टूबर 2016 में रिलायंस जियो को इंटर-कनेक्टिविटी से इनकार करने के लिए एयरटेल, वोडाफोन और आइडिया पर कुल 3,050 करोड़ रुपए का जुमार्ना लगाने की सिफारिश की थी। रेगुलेटर ने उस समय यह कहते हुए दूरसंचार लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश नहीं की थी, क्योंकि इससे ग्राहकों को काफी असुविधा हो सकती है। ट्राई की सिफारिश रिलायंस जियो की शिकायत पर आई थी। जियो ने कहा था कि उसके नेटवर्क पर 75 प्रतिशत से अधिक कॉल नहीं लग रही थीं, क्योंकि पर्याप्त संख्या में इंटरफेस (पीओआई) जारी नहीं किए जा रहे थे। दूरसंचार विभाग की शीर्ष निर्णय लेने वाली संस्था डिजिटल संचार आयोग ने जुलाई 2019 में इस जुमार्ने को मंजूरी दी थी।

Trikal drashti 04 Oct 21_NAVLOK SAMACHAR_22 Feb 2021.qxd 10/22/2021 11:54 AM Page 8



# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नवरात्रि से पहले दिया महिलाओं को ये बड़ा तोहफा



**भोपाल.** मध्य प्रदेश की महिलाओं के लिए खुश खबरी है. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नवरात्रि से ठीक पहले उन्हें बड़ा तोहफा दिया है. महिलाओं के नाम अब जो भी संपत्ति होगी उसका उन्हें रजिस्ट्रेशन चार्ज नहीं देना होगा. मुख्यमंत्री ने ये घोषणा हाल ही में शिवपुरी में की.

मुख्यमंत्री शिवराज स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के लिए 103 करोड़ रुपये की लागत की योजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण करने शिवपुरी गए थे. उन्होंने कहा- ह्यमेरे भाइयों, आप जमीन या मकान की रजिस्ट्री मेरी बहनों के नाम पर कराएंगे, तो रजिस्ट्री के शुल्क में छूट मिलेगी. आपका पैसा बच जाएगा, लेकिन भूखण्ड या मकान मेरी बहन के नाम पर हो जायेगा.

महिलाओं को मिलेगी ये जिम्मेदारी

गौरतलब है कि प्रदेश में अब कुछ राशन की दुकानें स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं चलाएंगी. वे गांव के बिजली बिल भी जमा करेंगी. इस दौरान कुल वसूली पर उन्हें 10 फीसदी राशि दी जाएगी. कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जब भी कोई बच्ची उन्हें मामा कहकर बुलाती है तो उनक मन प्रसन्न हो जाता है.

कांग्रेस ने बंद कर दी थी ये योजना चौहान इस दौरान वे कांग्रेस पर हमला करना नहीं भूले. उन्होंने कहा कि राज्य पर मुख्यमंत्रियों के आने-जाने का कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि मुख्यमंत्री तो आते जाते रहते हैं. प्रदेश में जब बेईमान कांग्रेस की सरकार थी तब उन्होंने सहरिया आदिवासियों को मिलने वाले एक हजार रुपये छीन लिए थे. इस योजना को फिर शुरू कर दिया गया है.

### महिलाएं किसी से कम नहीं

शिवराज सिंह ने महिलाओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा, केवल ठेकेदार और बड़े कारोबारी ही उद्योग नहीं चला सकते बल्कि महिलाएं भी इसे बखूबी संभाल सकती हैं. इसी सोच के साथ शिवपुरी का टेक होम राशन संयंत्र महिला संस्था को सौंपा गया है. उन्होंने कहा प्रदेश में अब महिलाएं भी कल-कारखाने चलाएंगी. इसके लिये प्रदेश सरकार उन्हें हर संभव मदद देगी.ये टेक होम राशन संयंत्र अभी तक एमपी एग्रो चला रहा था. इसे अब महिला आजीविका सहकारी संस्था को सौंप दिया गया है. इसका सीधा लाभ महिलाओं को मिलेगा और उनके जीवन स्तर में बदलाव आएगा. साथ ही महिला सशक्तिकरण को भी बल मिलेगा. मुख्यमंत्री ने संयंत्र को देखा और पूरा सिस्टम समझा.

# उपचुनाव से पहले कांग्रेस को लगा झटका, BJP में शामिल हुई पूर्व विधायक सुलोचना रावत

भोपाल.



मध्य प्रदेश में होने वाले उपचुनाव से ठीक पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है. कांग्रेस की पूर्व विधायक और जोबट सीट से टिकट की दावेदार मानी जा रही सुलोचना रावत बीजेपी में शामिल हो गईं. उनके साथ बेटे विशाल रावत ने भी बीजेपी का हाथ थाम लिया. शनिवार देर रात हुए इस नाटकीय घटनाक्रम में दोनों को बीजेपी के दिग्गज नेताओं ने पार्टी में शामिल कराया. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव की मौजूदगी में सीएम हाउस में दोनों नेता बीजेपी में शामिल हुए. कयास लगाए जा रहे हैं कि सुलोचना रावत को बीजेपी जोबट सीट से अपना उम्मीदवार बना सकती है.

### कांग्रेस को थी भनक

सुलोचना रावत बीजेपी नेताओं के संपर्क में है. इस बात की भनक कांग्रेस आलाकमान को भी लग चुकी थी. यही वजह है कि उनके बीजेपी में शामिल होने से पहले ही कांग्रेस में भी एक महत्वपूर्ण बैठक हुई. यह बैठक रवि जोशी के घर हुई. इसमें पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और विजयलक्ष्मी साधो के अलावा कांग्रेस कोषाध्यक्ष अशोक सिंह भी शामिल हुए. हालांकि, यह नेता सुलोचना रावत के शामिल होने की खबरों को दरकिनार करते रहे. मध्य प्रदेश में 1 लोकसभा और 3 विधानसभा सीटों पर 30 अक्टूबर को उपचुनाव होने हैं. जिन 3 विधानसभा सीटों पर चुनाव होना है, उनमें से एक जोबट भी है. यह सीट कांग्रेस की विधायक कलावती भूरिया के निधन की वजह से खाली हुई थी. उपचुनाव के नतीजे 2 नवंबर को सामने आएंगे.

### पृथ्वीपुर सीट से कांग्रेस ने नितेंद्र सिंह को दिया टिकट

कांग्रेस ने शनिवार को पृथ्वीपुर विधानसभा सीट में होने वाले उपचुनाव के लिए उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर दिया. पार्टी ने पूर्व मंत्री बृजेंद्र सिंह राठौर के बेटे नितेंद्र सिंह राठौर को प्रत्याशी बनाया है. सोनिया गांधी ने नितेंद्र सिंह राठौर के नाम पर सहमति जताई है. नितेन्द्र सिंह के पिता ब्रजेन्द्र सिंह 5 बार इसी क्षेत्र से विधायक चुने गए थे और कांग्रेस की सरकार में मंत्री बने थे.



# ज्योतिरादित्य सिंधिया को गुना में हराने वाले केपी यादव नें दी नसीहत, कांग्रेस ने ली चुटकी

**भोपाल.** कांग्रेस ने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और उन्हें लोकसभा चुनाव हराने वाले सांसद केपी यादव से जुड़ा एक वीडियो ट्वीट किया है. इसमें मंत्री सिंधिया को उनके पुराने समर्थक यादव नसीहत देखे दिखाई दे रहे हैं. इस वीडियो पर कांग्रेसी चुटकी ले रहे हैं.

इस वीडियो को कांग्रेस प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने शुक्रवार को ट्वीट किया. इसमें सांसद केपी यादव का एक वीडियो अटैच है. इसमें केपी यादव कह रहे हैं कि सिंधिया को अपने जो भी लोग हैं उन्हें समझाना चाहिए. अब हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं. हमे पार्टी की रीति नीति को समझकर अब काम करना चाहिए. सलूजा ने न केवल ये वीडियो ट्वीट किया, बल्कि उसके आगे पंच लाइन भी लिखी टिकाऊ की बिकाऊ को सलाह.

सामने आए वीडियो में गुना-शिवपुरी सांसद केपी यादव एक न्यूज चैनल को इंटरव्यू दे रहे हैं. वे उस सवाल पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जो ज्योतिरादित्य सिंधिया के स्वागत पर किया गया था. केन्द्रीय मंत्री बनने के बाद हाल ही में पहली बार ग्वालियर आए सिंधिया का शहर में स्वागत किया गया था. सिंधिया समर्थकों ने जगह-जगह फूलों और भीड़ जुटाकर उनका स्वागत किया. रोड शो को 200 जगह रोका गया और पुष्प वर्षा की गई.

# खंडवा लोकसभा उप चुनाव में होगी कन्हैया कुमार की एंट्री, टिकट मिलने से पहले ही मैदान में उतरे अरुण यादव



**खंडवा.** खंडवा लोकसभा उपचुनाव में कांग्रेस में भले ही टिकट के लिए लेकर घमासान मचा हो लेकिन पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने खंडवा में अपनी तैयारी शुरू कर दी है. इस बीच शुक्रवार को उन्होंने खंडवा पहुंचकर अपने कार्यकताओं के साथ बैठक की. उन्होंने पार्टी में नये नये आए कन्हैया कुमार की तारीफ की और कहा वो उन्हें प्रचार के लिए खंडवा लाएंगे.

**टिकट से पहले सक्रिय हुए अरुण यादवः** खंडवा लोकसभा सीट उप चुनाव के लिए अभी अरुण यादव को टिकट नहीं मिला है. लेकिन उन्होंने यहां काम शुरू कर दिया है. शुक्रवार को यादव ने अपने पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक की. उनके साथ कांग्रेस के कई कार्यकर्ता मौजूद थे. बुरहानपुर के निर्दलीय विधायक शेरा जिस तरह से अरुण यादव के खिलाफ लगातार बयानबाजी कर रहे हैं और टिकट पाने की बात कर रहे हैं इस संदर्भ में जब अरुण यादव से पूछा गया तो उन्होंने शेरा के सवाल को अनसुना करते हुए उस पर किसी भी तरह से चर्चा करने से इंकार कर दिया. लेकिन यादव ने अभी-अभी कांग्रेस में एंट्री पाने वाले कन्हैया कुमार की जमकर तारीफ की. अरुण यादव ने कहा लोकसभा उपचुनाव के प्रचार के लिए वह कन्हैया कुमार को भी खंडवा लाएंगे.

**दिग्विजय सिंह का आशीर्वादः** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बारे में अरुण यादव ने कहा- दिग्विजय सिंह का आशीर्वाद हमेशा से ही साथ रहा है. लेकिन दिग्विजय सिंह ने पुस्तक विमोचन के दौरान जिस तरह से फ्ग्रर की तारीफ की है इस सवाल को सुनते ही अरुण यादव ने इस पर कुछ भी जवाब देने से इनकार कर दिया.

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक : पराग वराडपांडे द्वारा महर्षि प्रिंटर्स प्रा.लि. प्लाट नं. 23-24 पर्मिला भवन, इन्द्रा प्रेस काम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, जोन-1, भोपाल - म. प्र से मुद्रित कराकर, प्लाट नं. -12, सेक्टर-ए, परस्पर सोसायटी चूनाभट्टी, कोलार रोड, भोपाल से प्रकाशित। सम्पादक: पराग वराडपांडे, मो. 9826051505, आर.एन.आई. नं. MPHIN/2015/66655, editor@trikaldrishti.com (विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा।)